भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 709

(दिनांक 07.02.2023 को उत्तर देने के लिए)

68वां राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार

709. श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरे:
श्रीमती मंजुलता मंडल:
डॉ. सुभाष रामराव भामरे:
डॉ. डी.एन.वी. सेंथिलकुमार एस.:
श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले:
श्री सी.एन. अन्नादुरई:
डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हे:
श्री कुलदीप राय शर्मा:
श्री जी. सेल्वम:
श्री धनुष एम. कुमार:

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या हाल ही में 68वां राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया था और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित किए गए व्यक्तियों का ब्यौरा क्या है;

(ग) राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्रदान करने के लिए फिल्मों के चयन हेतु क्या मानदंड अपनाए जाते हैं;

(घ) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान देश की अर्थव्यवस्था और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में फिल्म उद्योग/मनोरंजन क्षेत्र का कितना योगदान रहा है;

(ङ) क्या सरकार स्वतंत्र भारतीय फिल्म निर्माताओं को पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सवों में अपनी फिल्मों का प्रचार करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है;

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान कितने भारतीय फिल्म निर्माताओं को वित्तीय सहायता प्रदान की गई है; और

(छ) सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में भारतीय सिनेमा और देश में क्षेत्रीय फिल्मों को बढ़ावा देने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे है?

उत्तर

सूचना और प्रसारण; और युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क): जी, हां। सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा 30.09.2022 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में 68वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार (एनएफए) समारोह का आयोजन किया गया।

(ख): 68वें एनएफए विजेताओं का विवरण वेबसाइट www.dff.gov.in पर उपलब्ध 68वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार सूची में दिया गया है।

(ग): राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों के लिए फिल्मों के चयन का मानदंड एनएफए के लिए निर्धारित विनियमों के अनुसार किया जाता है। यह विनियम वेबसाइट www.dff.gov.in पर भी उपलब्ध हैं।

(घ): यह विवरण केंद्रीय रूप से नहीं रखा जाता है। हालांकि मार्च 2022 में फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा प्रकाशित उद्योग के अनुमान के अनुसार, भारतीय फिल्म उद्योग ने 2019 में 191 बिलियन रुपये का योगदान दिया, जो कोविड-19 के कारण लॉकडाउन और देश भर में निर्माण और प्रदर्शन कार्यकलापों पर कई प्रतिबंधों के चलते 2020 में घटकर 72 बिलियन रुपये रह गया। भारतीय फिल्म उद्योग ने 2021 में 93 बिलियन रुपये के साथ 29.17% की वृद्धि दर्ज की। इस रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय फिल्म उद्योग के 2022 में 61.29% की वृद्धि और 150 बिलियन रुपये तक पहुंचने की संभावना है।

(ङ) और (च): जी, हाँ। सूचना और प्रसारण मंत्रालय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोहों या ऑस्कर जैसे आयोजनों में प्रतियोगिता के लिए चुनी गई भारतीय फिल्मों के प्रचार के लिए फिल्म प्रोत्साहन निधि के तहत वित्तीय सहायता प्रदान करता है। विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष का विवरण इस प्रकार है:-

वर्ष	फिल्म निर्माताओं की संख्या जिन्हें फिल्म प्रोत्साहन निधि के तहत वित्तीय सहायता प्रदान की गई।	फिल्मों के नाम और फिल्म समारोह में भाग लिया
2020	2	बर्लिन अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव, 2020 में "ईब अलाय ऊ1" और "लैला और सत गीत"

2021	1	वेनिस इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल, 2021 में "वन्स अपॉन ए टाइम इन कलकत्ता"
2022	1	रॉटरडैम, 2022 के अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में "मेघदूत- द क्लाउड मैसेंजर"
2023 (31 जनवरी तक)	0	-

(छ): भारतीय सिनेमा को बढ़ावा देने और इसकी सॉफ्ट पावर दिखाने के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोहों में भाग लेता है। इन समारोहो में उद्योग प्रतिनिधित्व के समन्वय में, विभिन्न कार्यकलापों, फिल्मों की स्क्रीनिंग, भारतीय सिनेमा के विज्ञापन और प्रचार, नेटवर्किंग इवेंट्स, चर्चाओं और कार्यशालाओं का आयोजन आदि शामिल हैं।

देश में विभिन्न भाषाओं की फिल्मों को बढ़ावा देने के लिए, भारत सरकार की ओर से सूचना और प्रसारण मंत्रालय विभिन्न श्रेणियों में राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्रदान करता है। मंत्रालय भारत में भारतीय/विदेशी फिल्म निर्माताओं द्वारा फिल्मों की शूटिंग के संबंध में व्यापार करने में आसानी की दिशा में अपने प्रयासों को स्वीकार करने और भारतीय सिनेमा को बढ़ावा देते लिए अनुकूल वातावरण बनाने के लिए राज्य सरकार को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों के तहत "सर्वाधिक फिल्म अनुकूल राज्य पुरस्कार" भी प्रदान करता है। इसके अलावा, भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के भारतीय पैनोरमा वर्ग में क्षेत्रीय फिल्मों का चयन किया जाता है। देश के विभिन्न हिस्सों में विशेष फिल्म प्रदर्शनियां जैसे पूर्वव्यापी, भारतीय पैनोरमा और राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म स्क्रीनिंग और थीम आधारित फिल्म समारोह भी आयोजित किए जाते हैं।

*****